आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लोगों से हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने का किया आह्वान।
- चम्बा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला शुरू–राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने किया विधिवत शुभारम्भ।
- प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि दर्ज– इस वर्ष जून माह तक आए एक करोड़ से अधिक सैलानी।
- मॉनसून की सक्रियता से शिमला समेत कई भागों में हुई व्यापक वर्षा– 31 जुलाई तक कई स्थानों पर भारी वर्षा का येलो अलर्ट।

<u>मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने का आह्वान किया है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि तिरंगे की शान को कायम रखने का ये अभियान एक अनूठा उत्सव बन गया है। उन्होंने श्रोताओं से आग्रह किया कि जिन्होंने खादी के कपड़े नहीं खरीदे हैं, वे इस वर्ष से इसकी खरीददारी शुरू करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार 4 सौ प्रतिशत की वृद्धि के साथ डेढ़ लाख करोड़ रूपए से अधिक हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय पूरी दुनिया में पैरिस ओलंपिक की चर्चा है और ओलंपिक्स हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने सहित देश के लिए कुछ कर गुज़रने का मौका देता है। उन्होंने सभी से भाग ले रहे खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने इंटरनैशनल मैथेमैटिक्स ओलंपियाड में भारत के विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना भी की। और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता......

<u>*मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज हिमाचल प्रदेश की भुट्टिको सोसायटी के हथकरघा उत्पादों सहित देशभर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों का ज़िक्र किया। उन्होंने कहा कि आज देश में कई निजी कंपनियां भी ए.आई. के माध्यम से हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा दे रही हैं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से 15 अगस्त नज़दीक आने पर हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने का भी आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से देश को नशीली दवाओं से मुक्त करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार नशीली दवाओं के खतरे से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। कल मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि बाघ संरक्षण में जन भागीदारी बेहद उपयोगी साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों के कारण ही भारत में बाघों की आबादी हर साल बढ़ रही है।*</u>

रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।

## जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने राजधानी शिमला के खलीनी में मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में भुट्टिको नाम का उल्लेख प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है और इससे देश की जनता को हस्तकार कला संस्कृति को लेकर प्रेरणा मिलेगी। जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्ष 1944 में महज़ 12 लोगों व 23 रूपए की पूंजी के साथ पंजीकृत होने वाली कुल्लू ज़िला की भुट्टिको सोसायटी निरंतर बुलंदियों के नए आयाम स्थापित कर रही है। इस सोसायटी में करीब एक हज़ार बुनकरों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार मिल रहा है और भुट्टिको के उत्पाद दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं।

## मिंजर मेला

चम्बा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला आज से शुरू हो गया है। चार अगस्त तक चलने वाले इस महोत्सव का राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शुभारम्भ किया। लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल सहित विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया व अन्य गणमान्य लोग इस दौरान मौजूद रहे। मेले के शुभारम्भ पर चम्बा शहर में एक शोभा यात्रा निकाली गई और राज्यपाल ने भगवान लक्ष्मीनाथ को मिर्जा परिवार द्वारा हाथ से तैयार की गई मिंजर चढ़ाकर परम्परा का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि अपनी समृद्ध परम्पराओं के लिए प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला प्रदेश की अनूठी संस्कृति को प्रदर्शित करने सहित भाईचारे की भावना को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने देश की रक्षा में अहम योगदान देने वाले पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को सम्मानित भी किया। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार, विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों द्वारा कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का भी शुभारम्भ किया।

## पर्यटक

प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या में बीते वर्षों के मुकाबले उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। राज्य सरकार के आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष जून माह तक 6 महीने की अवधि में करीब एक करोड़ 87 हज़ार सैलानियों ने हिमाचल का रूख किया है। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों से 18 महीनों के कार्यकाल में राज्य में आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पर्यटन उद्योग के लिए मज़बूत बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करने के साथ कई कदम उठाए हैं। इसके अलावा सड़क और हवाई संपर्क सुविधा को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2024–25 के बजट में सरकार ने प्रदेश को एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने के लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित किया है।

## राजीव बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार विकास कार्यों को बंद करने के लिए जानी जाएगी। एक बयान में उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार द्वारा खोले गए 11 सौ से अधिक संस्थानों को बंद करने का कार्य किया है। इसके अलावा जनहित की कई योजनाओं को भी बंद किया गया है। राजीव बिंदल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार केवल राजनीति करने में लगी है और इसका खामियाज़ा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

प्राकृतिक खेती

राज्य सरकार ने राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्टअप योजना के तहत पहले चरण में करीब 36 हज़ार किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। इस चरण में प्रत्येक पंचायत से 10 किसानों को रसायन मुक्त खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार सरकार की ये योजना किसानों की आय बढ़ाने का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 24 हज़ार 2 सौ 10 हैक्टेयर भूमि पर एक लाख 78 हज़ार से अधिक किसान–बागवान प्राकृतिक पद्धति से खेती कर रहे हैं। प्रदेश में प्राकृतिक खेती उत्पादों की बिक्री के लिए 10 मंडियों में स्थान निर्धारित कर आधारभूत अधोसंरचना का निर्माण किया जा रहा है।

पौधरोपण

सोलन ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण व वन विभाग द्वारा ज़िले की सेरी पंचायत के कालाघाट में आज पौधरोपण अभियान चलाया गया। ज़िला व सत्र न्यायाधीश अरविंद मल्होत्रा की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के करीब सौ पौधे रोपे गए। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्‌देश्य अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना है। इधर, राजधानी शिमला में अन्नाडेल के गोल पहाड़ी क्षेत्र में विभिन्न संगठनों ने एक हज़ार पौधों का रोपण किया। इसके अलावा स्वयं सेवी संस्था उमंग फाउंडेशन ने भी शिमला शहर के साथ लगते शुराला गांव में स्थानीय युवक मंडल के सहयोग से पौधरोपण का अभियान चलाया।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में बीते 24 घंटों के दौरान मॉनसून की व्यापक वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने आगामी 31 जुलाई तक प्रदेश के कई क्षेत्रों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। भारी वर्षा की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने, भू–स्खलन संभावित क्षेत्रों की यात्रा न करने और नदी–नालों से दूर रहने की अपील की है।